आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 15.08.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में 73वां स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम सरस्वती प्रेक्षागृह प्रांगण मे किया गया । महाप्रबंधक श्री सुनीत शर्मा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। रेलवे सुरक्षा बल द्वारा परेड का प्रदर्शन किया गया जिसमें उ.प्र. पूर्व सैनिक कल्याण निगम लिमिटेड, आ.रे.डि.का. भारत स्काऊट गाइड, केन्द्रीय विद्यालय और खेलकूद संघ के बच्चों के प्लाटून भी शामिल हुए ।

इस अवसर पर महाप्रबंधक ने अपने अभिभाषण में कहा कि आ.रे.डि.का. को स्थापित हुए ग्यारह वर्ष हो गए और डिब्बा निर्माण भी करीब छः वर्षों से हो रहा है, कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कठिन परिश्रम के कारण इस वर्ष रेल मंत्रालय द्वारा 64वें वार्षिक रेल राष्ट्रीय पुरस्कार समारोह 2019 में आ.रे.डि.का. को वर्ष 2018–19 का सर्वोत्तम उत्पादन इकाई शील्ड प्रदान की गयी। यह प्रथम अवसर है जब आ.रे.डि.का. को यह गौरव प्राप्त हुआ है। इस वर्ष 2019 में कर्मचारियों के, उत्कृष्ठ कार्य एवं टीम वर्क से, आरेडिका विश्व में एक बेहतर और आधुनिक इकाई के रूप मे उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि 2019–20 मे आरेडिका को 2158 कोचों के उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से पहले 4 महीनों में 554 कोचों का उत्पादन किया गया है जो कि पिछले वर्ष के प्रथम 4 महीनों की तुलना में 50 प्रतिशत से अधिक है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक संगठन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें देशभक्ति गीत, समूह गान एवं नृत्य प्रस्तुत किये गये।

इसके साथ–साथ चन्द्रशेखर आजाद क्लब, रे. सु. बल पोस्ट, और ज्ञानदा बाल मन्दिर में भी ध्वजारोहण किया गया। आरेडिका परिवार ने मिल–जुल कर स्वतंत्रता दिवस के इस पावन पर्व को मनाया।

इस अवसर पर प्रधान मुख्य यांत्रिक इंजीनियर, श्री अनूप कुमार, प्रधान मुख्य सामाग्री प्रबंधक, श्रीकांत राय, के साथ–साथ सभी अधिकारी, पर्यवेक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

कृते मुख्य जन सम्पर्क अधिकारी